पीएसयू की नई वेबसाइट शुरू

214 सार्वजनिक उपक्रमों के लिए बीएसई की साइट

एजेंसी

मुम्बई। बांबे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आधारित वेबसाइट बुधवार को जारी की। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख ने यहां इस वेबसाइट का उद्घाटन किया। बीएसई में केंद्रीय क्षेत्र की 214 सार्वजनिक उपक्रमों और उसकी सहायक इकाइयों में से 44 सूचीबद्ध हैं। इन 44 सार्वजनिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के 26 अतिरिक्त बैंकों तथा राज्य स्तर के छह सार्वजनिक उद्यमों को मिलाकर बीएसई में पीएसयू की कुल 76 इकाइयां सूचीबद्ध हैं और बीएसई की कुल पूंजी में इनकी 30 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। इस अवसर पर बीएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक मधु कानन ने कहा कि रणनीतिक बिक्री के विकल्प को बंद करने के बाद सरकार ने इन सार्वजनिक उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए सार्वजनिक निर्गम का रास्ता अपनाया है और यह एनटीपीसी, आरईसी, एनएमडीसी और एसजेवीएन के इश्यू में देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बीएसई ने सार्वजनिक उपक्रमों को विनिवेश और सार्वजनिक निर्गमों के बारे में एक मंच पर सभी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए यह वेबसाइट शुरू की है। वेबसाइट पर पहले के भी सभी विनिवेशों के पूरे ब्यौरे हैं। सामाजिक स्कीमों के लिए संसाधन जुटाने के लिए विनिवेश की राह पर चल रही सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सार्वजनिक उपक्रमों में 49 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी नहीं बेची जाएगी।